## एक नजर

### गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर प्रतियोगिता में बच्चों हुए शामिल

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ एस रामानुजन की जयंती पर बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रामानुजन की जयंती पर विशेष पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के 181 बच्चे क्विज प्रतियोगिता में भाग लिए। कक्षा छठी एवं सातवीं के बच्चों के लिए 'ए ग्रेट इंडियन मैथमेटिशियन एस रामानुजन' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में 155 बच्चों ने भाग लिया । इसके साथ ही कक्षा 9वीं और 11वीं के बच्चों के लिए 'एस रामानुजन का गणित में योगदान' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें 18 बच्चों ने भाग लिया ।

### गीला व सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए लोगों को जागरुक करें: नगर आयुक्त

**रांची।** नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में मंगलवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उन्होंने 53 वार्डों के लिये तैयार किये गये सभी टीम को निर्देश दिया कि आम नागरिकों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग देने के प्रति जागरुक करें। उन्होने कहा कि झिरी में गेल की ओर से 150 टीपीडी वाले सीबीजी प्लांट की जानकारी लोगों को दें। कहा कि बल्क वेस्ट के लिये स्रोत का पृथक्ककरण के लिये प्रेरित करें तथा तैयार किये गये। 370 बीडब्लूजी की सूची के हर एक छोटे बड़े प्रतिष्ठानों में स्रोत पृथक्करण के लिये प्रेरित करें। मौके पर उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, सभी नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, अभियंतागण, सुपरवाइजर, इंफोर्समेंट टीम व कर्मी शामिल थे।

### राज्यपाल प्रयागराज महाकुंभ के लिए आमंत्रित



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से उत्तर प्रदेश के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। वहीं राज्यपाल को प्रयागराज महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया।

### जरियागढ़ के पास रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र से मंगलवार को बकसपूर से पोकला जानेवाले रेलवे ट्रैक से जरियागढ़ थाना की पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। शव की पहचान चुड़िया आईन्द (28 ) के रूप में की गई। मृतक गारी बरटोली का रहनेवाला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौंप दिया।

## निर्माण के नाम पर सड़कों पर बॉल्डर डालकर छोड़ दिया ठेकेदारों ने

# पैसे के अभाव में अब तक बंद है काम











**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिले के ग्रामीण इलाकों में मजबूतीकरण के नाम दर्जनों सड़कों पर संवेदकों ने बड़े-बड़े बॉल्डर डालकर छोड़ दिया। इसके कारण आये दिन दो पहिया वान चालक और साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। पिछले तीन महीनों से लगभग निमार्णाधीन सभी सड़कों का यही हाल है। अक्टूबर महीने में इन सड़कों के मजबूतीकरण का काम अलग-अलग संवेदकों के जरिये शुरू किया गया। ठेकेदारों ने सड़कों को खोदकर बॉल्डर डालकर छोड दिया। पिछले तीन महीना से सड़कों का निर्माण कार्य बंद है। तोरपा से जरियागढ़, एरमेरे से ईचा, दियांकेल से बडरूटोली, कतारी मोड़ से सुदारी सहित खूंटी, तोरपा, कर्रा, रनिया और मुरहू प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में सड़कों का निर्माण कार्य बंद है। तोरपा प्रखंड के ईचा गांव के रहने वाले दीपक गुप्ता, चमन महतो, सूरज महतो, दिंयांकेल गांव के सुमिज सोय, बडरूटोली गांव के माइकल फ्रांसिस धान और शांता सिंह कहते हैं कि सड़कों के निर्माण कार्य बंद होने से लोगों को खासकर स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर बड़े-बड़े बॉल्डर डालकर छोड़ दिये जाने से बाइक सवारों और साइकिल चलाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। आये दिन लोग दुर्घटना में घायल हो रहे है। लोगों का कहना है कि विधायक को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि बहुत जल्द वे विधायक को ज्ञापन सौंपकर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग करेंगे। सड़कों के अधूरे निर्माण कें संबंध में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष जयसवाल ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि सड़कों को अधूरा क्यों छोड़ दिया गया है। एदि पैसे के अभाव में काम ठप है, तो आखिर रकम गई कहां? उन्होंने कहा कि सरकार की गलती का खमियाजा आखिर जनता क्यों भुगते। विभिन्न ग्रामीण इलाकों में सड़कों के अधूरे निर्माण के संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता सुशील झा कहते हैं कि फंड के अभाव में सड़कों का निर्माण कार्य बंद है। अभी कहना मुश्किल है कि विभाग को रकम कब मिलेगी। उन्होंने कहा कि पैसा मिलते ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## राष्ट्रीय पेसा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# पेसा अधिनियम जनजातीय समुदायों को अधिकार प्रदान करता है : सचिव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय पेसा दिवस पर रांची स्थित होटल रेडिसन ब्लू में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायती राज मंत्रालय और झारखंड सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाना और पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा अधिनियम) के प्रावधानों पर जागरूकता फैलाना था। कार्यशाला का उद्घाटन पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव विवेक भारद्वाज ने किया। विवेक भारद्वाज ने कहा कि पेसा अधिनियम जल, जंगल और जमीन के प्रबंधन में जनजातीय समुदायों को अधिकार और संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने झारखंड सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड ने पेसा के विषय पर एक लोकगीत तैयार किया है, जो इसे अन्य राज्यों से अलग बनाता है। सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की पहलः श्री भारद्वाज ने झारखंड के प्रधान सचिव को प्रस्ताव दिया कि 26 जनवरी को आयोजित ग्राम पंचायत बैठकों में प्रत्येक गांव की जनजातीय परंपराओं को सूचीबद्ध किया जाए। केंद्र सरकार इस प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि 15 अगस्त को ग्राम सभाओं में इन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाए और इसे मान्यता दी जाए। इस प्रयास से आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं के महत्व से अवगत कराया जा सकेगा। उन्होंने झारखंड से इस पहल की शुरूआत करने का आह्वान किया और इसे बाद में अन्य राज्यों, जैसे छत्तीसगढ़, में लागू करने की बात कही।

## जंगली हाथियों ने खड़ी फसलों को रौंदा, हजारों का नुकसान, किसानों ने की मुआवजे की मांग



**लापुंग।** जंगली हाथियों के झुंड ने सोमवार की रात लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसू पंचायत के जरिया मंगरा टोली सहित कई गांवों में खड़ी फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। आलू मटर, खीरा, फूलगोभी सहित कई सब्जी फसलों को रौंद कर हजारों का नुकसान पहुंचाया। जरिया मंगरा टोली में अनमोल बरला के एक एकड़ खेतों में लगी खीरा, फूलगोभी सहित अन्य फसलों को बर्बाद कर दिया। वहीं इसी गांव के सबन बरला और पैत्रूस होरो के खेतों में लगी खीरा फूलगोभी आलू एवं मटर सहित अन्य फसलों को बर्बाद कर दिया। जरिया पतराटोली के कई ग्रामीणों सहित कथकुंवारी के ससन टोली के कैला मुंडा, जरिया खास के अभिजीत टोप्पनो एवं सुनील टोप्पनो के खेतों में लगी फूलगोभी,आलू, खीरा, मूली, मटर सहित अन्य फसलों को जंगली हाथियों ने बर्बाद कर दिया। जरिया मंगरा टोली के अनमोल बरला ने बताया कि उन्होंने काफी मेहनत एवं मशक्कत से पूंजी लगाकर खेती किया था। लेकिन जंगली हाथियों ने उनकी कड़ी मेहनत पर पानी फेर दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें लगभग पचास हजार रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। इस संबंध में हुलसू पंचायत के उप मुखिया अरविंद सिंह ने वन विभाग एवं अंचलाधिकारी लापुंग से गुहार लगाते हुए जंगली हाथियों द्वारा बर्बाद फसलों के एवज में गरीब किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

### डी-क्लब शिविर में 50 से अधिक लोगों का हुआ निशुल्क जांच




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा हर माह के तीसरे रविवार को डी क्लब (निशुल्क जाँच शिविर) का आयोजन करता है। रविवार को मोहराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में सुबह 6:30 बजे डी क्लब (निशुल्क जाँच शिविर) का आयोजन किया गया। शिविर मे मुख्य रूप से मधुमेह, रक्तचाप एवं वजन की जांच आमजनों को निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मारवाड़ी युवा मंच, राँची शाखा की ओर से सदा ही समाज में स्वास्थ के प्रति जागरूकता के लिए अभियान चलाने का प्रयास किया जाता रहा है। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगकर्ता हिल व्यू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर था। कार्यक्रम के संयोजक अखिल टिकमानी तथा बिमल अग्रवाल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल के साथ विशाल महलका, नीरज अग्रवाल, निकुंज पोद्दार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

### जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरित

**ठाकुरगांव ।** मंगलवार को साईं मंदिर प्रांगण में 300 गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन पिछले 15 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रेरणाश्रोत समाजसेवी सह साईं सेवा ट्रस्ट के संयोजक स्व भुवनेश्वर पांडेय की प्रतिमा पर ट्रस्ट के संस्थापक सचिव डॉ शिवकुमार तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर व पुष्प चढ़ा कर किया गया। रांची के समाजसेवी अभय कुमार द्वारा उक्त कंबल की व्यवस्था किया जाता आ रहा है। कार्यक्रम में महाभंडारा का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर जयकुमार पांडेय, संजय सिन्हा, आनंद त्रिपाठी, उमाकांत पांडेय, वैद्यनाथ ठाकुर, पंडित विनोद पाठक समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विद्यालय में बच्चे सभी त्योहार को मनाते हैं : ललन कुमार सिंह

**बेड़ो।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो एवं मुरतो में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। विद्या सागर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांता क्लाज के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दिया और सहयोगी छात्र-छात्राओं के बीच टॉफी का वितरण किया। इस अवसर पर मुरतो शाखा की प्रधानाध्यापिका सुषमा तिर्की ने क्रिसमस के बारे में बताया एवं बच्चों को सदैव खुश रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म यहां के लोगों के उद्धार के लिए हुआ है। वहीं के कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि विभिन्न धर्मो के त्यौहार को विद्यालय में बच्चे मनाते हैं जिससे वह हर धर्म की अच्छाई को सीखते हैं। हमें आगे भी अपने देश के हितों को ध्यान में रखकर एक दूसरे से मिलकर रहने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं क्रमशः रूपाली वर्मा, निशा वर्मा, स्वाती कुमारी सहित कई लोगों ने अपना सराहनीय योगदान दिया।

### क्रिसमस पर विकास का संकल्प लेने की जरूरत : डॉ सूरज मंडल



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा है कि क्रिसमस पर सद्भावना और विकास का नया संकल्प लेने की जरूरत है। लोगों को क्रिसमस पर शुभकामना देते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि बदलती हुई परिस्थितियों में भगवान ईसा मसीह का आपसी एकता, सद्भावना और खुशी के संदेश का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। आज प्रत्येक समझदार व्यक्ति को इस बात को समझने की जरूरत है। डॉ. मंडल ने कहा कि न केवल पूरी दुनिया में सभी देशों एवं समुदायों के बीच आपसी कटुता बढ़ रही है। झारखण्ड के मामले में भी यदि देखा जाये तो अनेक जगहों पर वैसी अप्रिय घटनायें सामने आती रहती है जिससे निराशा होती है। डॉ मंडल ने कहा कि प्रभु यीशु ने विशेष रूप से अपना करुणा का संदेश दिया जो सभी लोगों को आपसी मेलजोल के साथ जीवन जीने, आगे बढ़ाने और सभी के हित में एकजुटता के साथ काम करने का संदेश देता है.

### कर्रा में मनाया गया ग्राम गणराज्य दिवस

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के उडीकेल पंचायत भवन और जोने गांव में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय ग्राम गणराज्य दिवस मनाया गया। प्रखंड के 178 राजस्व गांव में संविधान पत्थर की साफ सफाई करके आदिवासी रीति-रिवाज के साथ पूजा पाठ किया गया। मौके पर वक्ताओं ने ग्रामसभा को मजबूत करने, संवैधानिक पत्थर पर लिखे 11 बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही मद्यनिषेध पर नियंत्रण करके ग्रामसभा को मजबूती के साथ बैठक करने पर जोर दिया, ताकि ग्राम गणराज्य का मकसद पूर्ण हो सके। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता उडभ्केल पंचायत के मुखिया क्षत्री हेमरोम, सचिव अशोक प्रधान, वार्ड सदस्य संयुक्त पड़हा संघ सलाहकार शिबू होरो, चंदा पहान, सनिका मुंडा, रंजन संगा, सोमरा मुंडा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भीमसेन लोहरा, जय मंगल मुंडा, पड़हा राजा एतवा मुंडा, समीर धान, अजीत धान, ग्राम प्रधान लोहरा मुंडा, सिलास मुंडा आदि ने योगदान दिया।

# ऑल इंडिया क्रिश्चियन माॅइनोरिटी फ्रंट के पत्र पर संज्ञान लेने पर सरकार को बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट झारखंड प्रदेश की प्रेसवार्ता मंगलवार को बहुबाजार में हुई। इस दौरान फ्रंट के अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, महासचिव प्रवीण कच्छप और प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार नागवंशी ने पहली बार क्रिसमस में राज्य सरकार के द्वारा किए गए उत्कृष्ट सहयोग योगदान के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कला-संस्कृति पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन, नगर निगम, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को बधाई दी है। फ्रंट ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि पिछले 16 दिसंबर को ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट की ओर से झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग सहित अन्य विभागों को पत्र प्रेषित किया गया था। जिसमें झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों में क्रिसमस की छुट्टी बढ़ाने, शीतकालीन अवकाश देने सहित शहर के प्रमुख चर्च कलीसिया, चौक चौराहों में क्रिसमस को लेकर विशेष आकर्षक सजावट करने, साफ-सफाई करवाने, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने, बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने सहित अन्य मांग रखी गई थी। जिसमें फ्रंट से सरकार को अवगत कराया कि झारखंड में ईसाई की आबादी करीब 13 लाख हैं, जिनका राज्य में शिक्षा-स्वास्थ्य में अहम योगदान है। इसलिए इस वर्ष क्रिसमस को विशेष रूप से राज्य सरकार के सहयोग आकर्षक और क्रिसमस के नाम पर राज्य में व्यापार-बाजार को बल मिले। ऐसी व्यवस्था व पहल करने का आग्रह किया था। जिस पर सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले चरण में ही प्रमुख चर्च क्षेत्रों में आकर्षक विद्युत सज्जा करते हुए पर्यटन पर्व के रूप में मनाने का फैसला किया। जिसका फ्रंट स्वागत करता है और इस कार्य के लिए सरकार को बधाई देती है।

### शिक्षा मंत्री से मिले पासवा के प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) झारखंड चैप्टर का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री को प्राइवेट स्कूल की परेशानी और जमीन की बाध्यता और हर तरह की होने वाली परेशानी से भी आवगत कराया। इस पर शिक्षा मंत्री ने पासवा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त कराया कि प्राइवेट स्कूल जितने भी यू डाइस धारक स्कूल हैं इनको बंद होने नहीं दिया जाएगा। बल्कि इनकी परेशानी को दूर करने की कोशिश की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष मास्टर उस्मान, महासचिव मसूद कच्छी, उपाध्यक्ष सैयद अंसार उल्लाह, रांची जिला संरक्षक मोहम्मद महताब अंसारी शामिल थे।

### राज्यपाल को तुलसी का पौध किया भेंट

**रांची।** श्री योग वेदांत सेवा समिति, महिला मंडल और आसाराम जी बापू आश्रम के अनुयायियों ने राज्यपाल संतोष गंगवार को तुलसी का पौधा भेंट किया। आसाराम जी बापू ने बरसों पहले 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाने का आवाहन किया था। बरसों से पूरे भारतवर्ष में तुलसी पूजन 25 दिसंबर को मनाया जाने लगा। आसाराम जी बापू के शिष्य पूरे भारतवर्ष में जहां भी है अपने क्षेत्र में गुरु सेवा मानकर श्रद्धा से तुलसी का पौधा घर-घर बांटते हैं।

### यीशु का जन्म मानवता के कल्याण के लिए हुआ: बिशप विनय कंडुलना

**खूंटी।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव में मनाए जाने वाले मसीही विश्वासियों का सबसे पवित्र व बड़ा त्योहार क्रिसमस मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के आरसी चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में अलग-अलग समय पर शाम से देर रात तक क्रिसमस जागरण आराधना में मिस्सा अनुष्ठान सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। चर्चों में आयोजित क्रिसमस जागरण आराधना में शामिल विश्वासियों द्वारा धार्मिक भजनों के अलावा यीशु के जन्म से संबंधित गीत गाए गए। मार्टिन बांग्ला स्थित सीएनआई चर्च में शाम पांच बजे से अब्राहम तरोम की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में बाइबल पाठ, स्तुति गान आदि धार्मिक कार्यक्रम हुए। मौके पर फादर आंद्रियस पूर्ति ने अपने संदेश में कहा कि यीशु मसीह का जन्म हमारे जीवन में आनंद, शांति और खुशी का संचार किया है।

## न्यूज | बॉक्स

### जेंडर अभियान का हुआ समापन



सिल्ली। सोमवार को जेंडर अभियान नई चेतना 3.0 कार्यक्रम जो राष्ट्रीय स्तर पर 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलाया गया। महिला हिंसा के खिलाफ चले अभियान के अंतिम दिन समापन समारोह पर सिल्ली स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी चारों संकुल संगठन ने भाग लिया। जिसमें महिला फुटबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी में विजेता मुरी कलस्टर एवं उपविजेता लोटा कलस्टर तथा फुटबॉल में सिल्ली कलस्टर विजेता बना एवं फुटबॉल में मैन ऑफ द मैच अजनी कुमारी को दिया गया। इस कार्यक्रम में विजेता और उप विजेता रही क्लस्टर टीम को मोमेंटो प्रदान किए गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएसएलपीएस ब्लॉक टीम , संकुल संगठन और सभी जेंडर सीआरपी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### डीएवी के बच्चे बने सांता क्लॉज



खलारी। क्रिसमस के पावन पर्व पर डीएवी खलारी के ईईडीपी विभाग के बच्चों के लिए भी कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा 2 के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी बच्चे सफेद और लाल पोशाकों में सांता क्लॉज बनकर आकर्षक लग रहे थे। बच्चे संता क्लॉज, संता कैप और स्नोमैन बनकर आए थे। जिनकी सभी ने तारीफ की। अपनी रचनात्मकता के जरिए बच्चों ने देश की विविध संस्कृति के बारे में ज्ञान कराया। विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने सभी विजेताओं की उनके प्रयासों के लिए सराहना की तथा बधाई दी।

### खलारी व्यवसायी संघ ने सुरेन्द्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि



**खलारी।** खलारी के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी सुरेन्द्र प्रसाद को खलारी व्यवसायी संघ ने श्रद्धांजलि दिया। सोमवार दोपहर रांची में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। केडी हिन्दू गढ़ी चौक पर एक शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें संघ के लोगों के अलावा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। इधर एक दूसरे कार्यक्रम में खलारी पहुंचे राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू भी सुरेन्द्र प्रसाद के आवास पर आकर उन्हें श्रद्धांजलि दिए। शाम में दामोदर स्थित देवरखंड मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। शोकसभा में सुशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, रंजनसिंह बिट्ठू, पंकज मिश्रा, राजेन्द्र चौहान, विकास सिंह, पप्पू खां, रजविन्दर सिंह, रतन मिश्रा, विष्णु गोयल, राजेश मिस्त्री, शक्ति सोनी, दीपक सोनी, रिंकू सिंह, अरविंद सिंह, भरत रजक, उमेश प्रसाद, राकेश सिंह, रवीन्द्र गिरि आदि शामिल थे।

### ऊहापोह की स्थिति में बंद रहा खलारी का बाजार

**खलारी।** खलारी का बाजार मंगलवार को मिश्रित कारणों से बंद रहा। सुबह बाजार खुलने के बाद धीरे धीरे बंद हो गया। बंद को लेकर ऊहापोह की स्थिति रही। पूछने पर कुछ दुकानदारों ने बताया कि खलारी व्यवसायी संघ के प्रमुख सदस्य सुरेन्द्र प्रसाद के निधन को लेकर दुकानदार साथियों ने स्वतः बंद रखा है। वहीं कुछ लोग इसे आलोक गिरोह द्वारा घोषित बंद का असर बता रहे थे। इधर बाजार बंद होने की सूचना के बाद थाना प्रभारी खलारी विजयकुमार सिंह केडी बाजार पहुंचे और कुछ व्यवसायियों से बात किए। व्यवसायियों ने उन्हें बताया कि व्यवसायी संघ के प्रमुख सदस्य के निधन पर उनलोगों ने स्वतः अपना प्रतिष्ठान बंद किया है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया है कि बंद के किसी भी अफवाह पर दुकान बंद नहीं करें। किसी तरह की बात हो तो उन्हें उनके मोबाइल नंबर 9304209258 पर सूचना दें।

### खलारी में मनाया गया प्रभु यीशु का जन्मोत्सव



**खलारी।** खलारी में मसीही समुदाय द्वारा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को लेकर मसीही विश्वासियों ने चर्च को आर्कषक रूप से सजाया। शांति नगर खलारी ख्रीस्त राजा चर्च में रात दस बजे कार्यक्रम शुरू हुआ जो प्रभु यीशु के जन्म के बाद समाप्त हुआ। मिस्सा पूजा फादर आस्कर टोप्पो एवं फादर हिलारियूस तिग्गा ने की। बालक यीशु का चुम्बन किया गया। चरनी को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इसमें बालक यीशु के जन्म को मनोहारी रूप से प्रस्तुत किया गया था। लोगों ने प्रभु यीशु का जयकारा लगाया तथा पटाखे छोड़कर खुशी का इजहार किया। खुशी में कैरोल सिंगिग गाया। एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। फादर आस्कर टोप्पो ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु इंसान के रूप में धरती पर जन्म लेकर सभी को प्रेम का पाठ पढ़ाए। प्रभु यीशु प्रेम, दया व सेवा का संदेश दिए। उपस्थित लोगों के बीच परम प्रसाद बांटा गया।

### यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन राज्यपाल से मिला



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को झारखंड यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल राज भवन में भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल ने शीतकालीन अवकाश में वृद्धि के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त किया । वहीं इसे और बढ़ाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल से स्पष्ट रुप से कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः सभी इस दिशा में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करें।

## एक नजर

### शैक्षणिक भ्रमण व्यवहारिक ज्ञान के लिए अति महत्वपूर्ण : निदेशक

**बरही ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन छुट्टी होते ही आईलेक्स का शैक्षणिक भ्रमण प्रारंभ हो गया. वर्ष के पहले टूर के तहत आईलेक्स के मुख्य शाखा पंचमाधव सहित गौरियाकरमा, पांडेयबारा, बरकट्ठा आदि शाखाओं के करीब 600 विद्यार्थियों का दल सोमवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए जैन तीर्थनगरी पारसनाथ पहुंचे. जहां नन्हे मुन्हें विद्यार्थियों ने झारखंड/बिहार की सबसे ऊंची चोटी पारसनाथ के साथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के इतिहास को करीब से जाना. मधुवन स्थित विभिन्न मंदिरों का भ्रमण किया और कई महतपूर्ण जानकारियां ली. इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को श्वेतांबर व दिगांबर जैन धर्म की विस्तृत जानकारियां दी. बच्चे पारसनाथ के मंदिरों और नैसर्गिक वादियों को देखकर अति उत्साहित थे.

### 12 महिला कराटेकार वाराणसी रवाना, ऑल इंडिया सीनियर कराटे चैंपियनशिप में लेंगी भाग

**बरही ।** 27, 28, 29 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में तीन दिवसीय ऑल इंडिया सीनियर कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से 3000 कराटेकार भाग लेंगे. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सेशिनकाई कराटे संघ हजारीबाग इकाई के 12 कराटेकार की टीम मंगलवार को उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हो गई है. उक्त जानकारी 5 डान ब्लैक बेल्ट शिहान उदय कुमार ने दी. टीम में मैनेजर सेसाई प्रतिमा कुमारी (ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डन) सहित रोशनी कुमारी, रितिका कुमारी, कुमारी हेमलता, शिवानी कुमारी, माही वर्मा, श्रेया भारद्वाज, सोनी कुमारी, मानसी, ज्योति दुबे, व सोनी कुमारी शामिल हैं. जिले के खेल प्रेमियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर हजारीबाग जिला सहित राज्य का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी है.

### दस्तावेजों के साथ नहीं हाजिर हुए ईंट भट्ठा संचालक, जारी होगा नोटिस

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के ईंट भट्ठा संचालकों पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करने के मूड में आ गया है। यह कार्रवाई इसलिए आगे बढ़ रही है, क्योंकि भट्ठा संचालकों के जरिये जिला प्रशासन के निदेर्शों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने अंचल अधिकारी सुदीप एक्का के साथ कई ईंट भट्ठे का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने भट्ठे से संबंधित दस्तावेज भी मांगे थे। निरीक्षण के दौरान भट्ठे में सिर्फ कर्मचारी थे और संचालक फरार हो गए थे। उन्हें मंगलवार की सुबह 11:00 बजे एसडीओ कार्यालय में दस्तावेजों के साथ हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार को पूरे दिन कार्यालय में अधिकारी इंतजार करते रहे और ईंट भट्ठा संचालक वहां नहीं पहुंचे।

---

विवि में स्वयंसेवकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

## सामुदायिक सेवाओं के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास मूल उद्देश्य : डॉ मुनीष गोविंद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के एनएसएस इकाई की ओर से मंगलवार को अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, विधि विभाग डीन डॉ जयदीप सन्याल सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दरअसल यह कार्यक्रम नए सत्र में इकाई में पंजीकृत हुए स्वयंसेवकों के लिए आयोजित की गई थी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई के सफलता पूर्वक कार्यान्वयन के लिए एनएसएस समन्वयिका सहित एनएसएस इकाई को बधाई दी। साथ ही उन्होंने एनएसएस के मूल उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित कर स्वयंसेवकों से मुखातिब होते हुए कहा कि एनएसएस की गतिविधियां छात्र-छात्राओं को सामाजिक और मानवीय कौशल विकसित करने में मददगार है। साथ ही कहा कि सामुदायिक सेवाओं के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करना ही एनएसएस का मूल उद्देश्य है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने एनएसएस की महत्ता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एनएसएस का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं बल्कि आप' है, जो निःस्वार्थ सेवा की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस की गतिविधियां छात्र-छात्राओं को जिम्मेदार, संवेदनशील और समर्पित नागरिक बनने में मदद करता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एनएसएस समन्वयिका डॉ रोजी कांत ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही एनएसएस की गतिविधियां पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया।

---

विवि के शिक्षा विभाग में मनाया गया क्रिसमस डे

## मानवता को शांति, एकता और प्रेम का संदेश देता है क्रिसमस : कुलाधिपति



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में क्रिसमस डे कार्यक्रम बड़े धूमधाम मनाया गया। इसके बाद शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सभी व्याख्याताओं द्वारा केक काटा गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने क्रिसमस की हार्दिक बधाई दी और उन्होंने बताया कि यह पर्व मानवता को शांति एकता और प्रेम का संदेश देता है। साथ ही नए वर्ष 2024 की सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) अंजू तिवारी ने प्रभु यीशु मसीह के संदेश से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। क्रिसमस गैदरिंग के मौके पर विभाग के छात्र- छात्राओं ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि ,कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकगण एवं विभाग के सभी छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### बच्चे मालवीय जी के जीवन से लें प्रेरणा : प्राचार्य



**रामगढ़।** सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई गई। विद्यालय के वंदना सभा मे आयोजित इस कार्यक्रम में प्राचार्य उमेश प्रसाद ने पंडित मदन मोहन मालवीय जी के चित्र में दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्राचार्य उमेश प्रसाद महामना मालवीय जी के जीवन की संक्षिप्त वृंतात सुनाते हुए छात्रों को मालवीय जी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि गुलाम भारत में जब भारतीय धर्म व संस्कृति पर हमला बोला जा रहा था उस समय काशी विश्वविद्यालय की स्थापना की और विषम परिस्थिति में भी उन्होंने अपनी दृढनिश्चय व इच्छा शक्ति से कई बड़े कार्य किए। महामना मालवीय जी को भारत के महान शिक्षाविदों में से एक बताया।महामना जी ने भारतीय संस्कृति और विरासत को भी संरक्षित किया उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। विद्यालय के आचार्या डॉ गायत्री पाठक ने कहा कि पंडित जी ने काशी विश्वविद्यालय की स्थापना कर युवाओं के लिए रास्ता खोल दिया। आज देश भर के छात्र-छात्रा इस विश्वविद्यालय में पठन-पाठन के लिए आते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य मिथिलेश कुमार खन्ना,रेखा पाठक,सेखर कुमार,बच्चूलाल तिवारी,अमरदीप नाथ शाहदेव,शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस सिटी व पतरातु डैम का किया शैक्षणिक भ्रमण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के घंघरी स्थित मानसरोवर पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने विद्यार्थियों को साइंस सिटी,रांची का भ्रमण कराते हुए विज्ञान से संबंधित कई अहम जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान के बिना जीवन अधूरा है,इसमें विशेष रूप से प्रोजेक्ट की भूमिका मुख्य होती है। प्रोजेक्ट कार्यप्रणाली से बच्चों को विज्ञान समझने में बहुत आसानी होती है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान पतरातु डैम का भी भ्रमण कराया गया ।इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित दिखें ।कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक विकास होता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष भर में कम से कम एक बार ऐसे भ्रमण का आनंद अवश्य लेना चाहिए। भ्रमण में शिक्षक रोहित कुमार, मुकेश कुमार, योगेश कुमार, कौशल पांडेय, मनीष कुमार, बबलू कुशवाहा, दुलारचंद प्रसाद, अर्जुन सिंह, मनोज यादव, बब्लू, शंकर, एकता कुमारी, प्रिया कुमारी, अंशु कुमारी, दीपा कुमारी, निधि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नूरी खातून समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में मनाया गया क्रिसमस का त्योहार



**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 24 दिसम्बर को उत्साह के साथ क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। यह त्योहार प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस ईसाई धर्म का सबसे अहम त्योहार है। यह त्योहार हमें प्रभु यीशु के संदेश की याद दिलाता है जो प्यार, सहानुभूति और एकता के महत्व पर जोर देता है। क्रिसमस यहदुनिया भर में आशा, प्रेम और एकता का प्रतीक है। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थी सांता क्लॉज की वेशभूषा में आए। साथ ही क्रिसमस ट्री सजाया गया। शिक्षिकाओं ने अपने कक्षा के बच्चों को क्रिसमस के महत्व को बताया। इस दौरान बच्चों ने क्रिसमस के गीत पर नृत्य किया। मौके पर प्राचार्य हरजाप सिंह ने सभी के जीवन में प्रेम, सुख, शांति और समृद्धि बने रहने की कामना की।

---

## बिजली मिस्त्री को पत्नी शोक, परिजनों से मिले विधायक, बंधाया ढांढस



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो निवासी बिजली मिस्त्री राजेंद्र ठाकुर की धर्मपत्नी का बीते रात निधन हो गया। परिजनों के मुताबिक ठंड लगने से वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहीं थी। सूचना उपरांत विधायक अमित कुमार यादव उनके आवास पहुंच कर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया तथा उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित की। वहीं राजेंद्र ठाकुर समेत पूरे परिवार से मिलकर उन्होंने शोक संवेदना प्रकट करते हुए उनका ढाढस बंधाया। इस दौरान विधायक ने ईश्वर से प्रार्थना कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

---

जिला मत्स्य कार्यालय में किए जा रहे हैं कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला मत्स्य पदाधिकारी अरूप कुमार चौधरी द्वारा उपायुक्त को वित्तीय वर्ष 2024- 25 में स्वीकृत योजनाओं के अधतन प्रगति प्रतिवेदन की जानकारी दी गई। जिसके उपरांत उनके द्वारा केज कल्चर विस्तार एवं केज रीमॉडलिं, फीड बेस्ड फिशरीज, समेकित मत्स्य पालन, तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोंद्धार, मत्स्य प्रसार प्रशिक्षण एवं अनुसंधान योजना, मत्स्य विपणन योजना के तहत अब तक हुए कार्य के संबंध में जानकारी दी गई। इस संबंध में उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की वर्तमान में रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में बंद पड़े खदानों को चिन्हित किया गया है इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा चिन्हित बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन हेतु योजना बनाते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिले में वृहद रूप से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त ने बैठक के दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के आंगन में मत्स्य पालन हेतु योजना चिन्हित करने एवं इस दिशा में किए जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

---

सदर विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, कहा

## शहर की सुरक्षा और यातायात सुधार हमारी पहली प्राथमिकता



*शहर की सुरक्षा के लिए पंचशील कॉलोनी से बड़े वाहनों का वैकल्पिक मार्ग होगा तैयार*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को डीआरडीए पदाधिकारी पंकज मिश्रा के साथ क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक ने स्वयं सड़क पर उतरकर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता का आकलन किया और मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण कार्य अगले एक हफ्ते के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस सड़क को इस प्रकार से बनाया जाए कि पंचशील कॉलोनी होते हुए भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। यह कदम इसलिए जरूरी है ताकि बड़ी गाड़ियां शहर के भीतर प्रवेश न करें और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। शहर में बड़ी गाड़ियों की नो एंट्री के बावजूद प्रवेश और उनके मनमाने रवैये के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए विधायक ने कहा शहर में यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इस नई सड़क के माध्यम से भारी वाहनों को शहर के बाहर वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया जाएगा। इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और शहर के अंदर यातायात व्यवस्थित होगा। इसके अलावा विधायक ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर जोर देते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री उच्च स्तर की होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं, जिनमें सड़क निर्माण से हो रही असुविधा और बड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित होने की शिकायत शामिल थीं।

---

## विधायक ने बसरिया में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का किया दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधानसभा चुनाव में विजय घोषित होने के पश्चात विधायक अमित कुमार यादव ने क्षेत्र भ्रमण के पूर्व प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बसरिया में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात उन्होंने भगवान बजरंगबली से प्रार्थना करते हुए क्षेत्र के सभी जनता पर अपना आशीर्वाद बनाये रखने की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से भेंटकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं जनता के द्वारा मिले भरपूर प्यार, आशीर्वाद और सम्मान के लिए उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया। मौके पर समाजसेवी अर्जुन प्रसाद, प्रदीप मंडल, अशोक प्रसाद, खीरों महतो, रामचंद्र प्रसाद, गुलेश्वर प्रसाद, दिलीप कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

---

31 को करमा प्रोजेक्ट सुगीया परियोजना पदाधिकारी को सौंपेगा 10 सूत्री मांग पत्र

## करमा और उसके आसपास के क्षेत्रों में विस्थापित सुधार की कर रहे हैं मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के बैनर तले विस्थापितों एवं प्रभावितों के साथ मिलकर आगामी 31 दिसंबर को परियोजना पदाधिकारी करमा प्रोजेक्ट सुगीया को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा जाएगा। मांग पत्र 24 दिसंबर मंगलवार को सौंपना था लेकिन परियोजना पदाधिकारी के नहीं रहने के कारण समय और तिथि में बदलाव किया गया है। साथ ही सम्बंधित विभाग को इसकी सूचना दी गई है। यह बात मंगलवार को परियोजना पदाधिकारी को जेएलकेएम प्रतिनिधिमंडल के साथ मांग पत्र सौंपने पहुंचे रवि कुमार महतो ने कही। उन्होंने बताया की आज परियोजना पदाधिकारी के नहीं रहने के कारण हम मांग पत्र नहीं सौंप पाए। उन्होंने कहा कि अब परियोजना पदाधिकारी को 31 दिसंबर को मांग पत्र सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया की मांग पत्र में मुख्य रूप से करमा और उसके आसपास के क्षेत्र में हवा, पानी एवं मिट्टी की गुणवत्ता काफी खराब हो चुकी है, इस पर जल्द से संज्ञान लेने की मांग की जाएगी। संचालित करमा परियोजना के आसपास के क्षेत्र में हवा की गुणवत्ता में सुधार की मांग की जाएगी। मिट्टी का पीएच कहीं 5 से तो कहीं 7 से ऊपर चला गया है जिससे आम लोग का जीवन प्रभावित हो रहा है इसमें सुधार की मांग की जाएगी। रोड सेल के कोयला में 75% हिस्सा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को बेसिक दर पर देने की मांग की जाएगी। सीएसआर मद द्वारा करमा से रामगढ़, हजारीबाग एवं रांची के लिए कॉलेज बस की व्यवस्था, स्कूली शिक्षा के लिए आर कांटा डीएवी एवं बरकाकाना डीएवी स्कूल के तर्ज पर करमा में स्कूल की व्यवस्था की करने, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था ग्रामीणों के लिए करने, स्वास्थ्य सुविधा में सुधार, करमा परियोजना के आसपास विस्थापित एवं प्रभावित गांवों में मुफ्त बिजली देने, किसानों और युवाओं के लिए कौशल के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं खेलकूद के लिए ग्राउंड की व्यवस्था करने की मांग की जाएगी।

---

## क्रिसमस गैदरिंग को लेकर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनोरंजक कलाकारी प्रस्तुत की गई। इस क्रम में विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि इस तरह का आयोजन से बच्चों में सभी धर्मों के प्रति प्रेम की भावना जागृत होता है। प्राचार्या स्वाति ने कहा कि हमारा भारत विभिन्नता में एकता का संदेश देता है।प्रभु यीशु के आपसी प्रेम,दया,क्षमा जैसा संदेश को समाज में फैलाने की आवश्यकता है। शिक्षिका मानती लकड़ा ने प्रभु यीशु मसीह के आगमन को लेकर गीत प्रस्तुत की। शिक्षिका प्रीति प्रभा ने यीशु मसीह के संदेशों को गीत के रूप में प्रस्तुत कर प्रेम भावना का संदेश दिया। इस दौरान विदिशा, जया, आकृति, नितिका कुमारी आदि छात्राओं ने यीशु मसीह के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन भी किया।राहुल कुमार सांता क्लॉज की वेषभूषा में शानदार प्रस्तुति दी। अंत में क्रिसमस तथा नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार यादव, प्रीती प्रभा, अविशेष कौशल, कुलदीप पासवान, अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, शबनम खातुन, रीता, मुर्मु, रुबी खातुन, राधा कुमारी, पुनम कुमारी आदि का योगदान सराहनीय रहा।

---

आपदा प्रबंधन-एक परिचय' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

## प्रकृति से छेड़छाड़ और उनका दोहन करना बंद करें : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** आईक्यूएसी के सहयोग से रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के भूगोल विभाग ने 'आपदा प्रबंधन- एक परिचय' विषय पर आधारित एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया. जिसका संचालन करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार रामानुज ने आपदा तथा इसके प्रबंधन की जानकारी दी. आपदा को प्राकृतिक तथा मानव निर्मित समस्या बताते हुए आपदा प्रबंधन की प्रक्रिया के रूप में तैयारी, प्रतिक्रिया, पुनर्वास तथा निवारण प्रकाश डाला. साथ ही आपदा प्रबंधन में तकनीकी भूमिका के अंतर्गत चेतावनी प्रणाली, जीआईएस, ड्रोन मैपिंग तथा सोशल मीडिया की भूमिका पर भी जोर दिया. बतौर अध्यक्षीय भाषण मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ पर रोक के साथ अतिवृष्टि, अनावृष्टि, वज्रपात तथा झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के उत्पात से बचने एवं एनडीआरएफ की भूमिकाओं पर विशेष चर्चा किया. अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार वर्णवाल ने आपदा प्रबंधन के राष्ट्रीय, राज्य स्तर, जिला स्तर तथा स्थानीय निकायों की भूमिका से उपस्थित लोगो को अवगत कराया. इसके साथ ही उन्होने बरही के स्थानीय समस्या नदी के अतिक्रमण और बरही में औद्योगीकरण से उत्पन्न संभावित आपदाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया. इतिहास विभागाध्यक्ष सह एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अरुणा रानी ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक और प्रकृति का दोहन नही रुका तो प्रकृति अपना संतुलन बनाने के लिए आपदाओं का सहारा लेती है. सेमिनार में प्रो डॉ महेश, डॉ अशोक, डॉ नैयर इकबाल तथा डॉ गिरधारी यादव सहित कॉलेज के विद्यार्थी कीर्ति कुमारी, काजल कुमारी, इरफान, निशा कुमारी, संजु कुमारी व रागिनी कुमारी ने भी अपने विचार दिए. सेमिनार में डॉ गिरधारी यादव, डॉ अरुण कुमार रामानुज, डॉ सरिता सिन्हा, हरेंद्र सिंह, लेखापाल नागेश्वर यादव आदि सहित कई शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी सहित करीब ढाई सौ विद्यार्थी शामिल थे.

# यीशु मसीह ने समाज को प्रेम, करूणा क्षमा का दिया संदेश : विक्सल कोंगाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कोलेबिरा विधानसभा सहित पुरे जिलावासियों को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने समाज को प्रेम, करूणा, क्षमा एवं समानता का संदेश दिया। उन्होंने मानव सेवा और उनके कल्याण में अपना सारा जीवन व्यतीत किया तथा गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा करने एवं आपसी भाईचारे के साथ रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु के संदेश हमेशा समाज के लिए प्रेरक एवं अनुकरणीय रहेंगे। क्रिसमस पर्व शांति का भी संदेश लाता है। पवित्र शास्त्र में प्रभु यीशु मसीह को शांति का राजकुमार नाम से पुकारा गया है। प्रभु यीशु मसीह हमेशा अभिवादन के रूप में कहते थे शांति तुम्हारे साथ हो। शांति के बिना किसी भी धर्म का अस्तित्व संभव नहीं है। घृणा, संघर्ष, हिंसा एवं युद्ध आदि का धर्म के अंतर्गत कोई स्थान नहीं है। उन्होने आगे कहा कि क्रिसमस पर्व संपूर्ण विश्व का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। परमेश्वर का प्रेम समुदाय के लिए है। हमें आपसी प्रेम भाईचारा को बनाएं रखने की जरूरत है। क्रिसमस का यह दिन सभी से प्रेम करने और अपने पापों के क्षमा करने के लिए प्रभु से प्रार्थना करने का है। प्रभु यीशु मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले क्रिसमस के इस पावन अवसर पर जिला राज्य और दुनिया भर के अन्य लोगो को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।



## बिशप विंसेंट बरवा ने सिमडेगा जिले वासियों को क्रिसमस की दी बधाई

**सिमडेगा।** बिशप विंसेंट बरवा ने जिले वासियों को क्रिसमस की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान स्थिति ठीक नहीं है। आज के मनुष्यों में, नेताओं में एवं सामाजिक के अग्रणी व्यक्तियों में स्वार्थ भरा हुआ है। यही कारण है कि देश की परिस्थिति आगे बढ़ने के बजाय और पिछड़ रहा है। इकोनॉमी कमजोर हो रही है। गरीब एवं कमजोर लोग पिछड़ते जा रहे हैं। कोरोना के बाद लोगों का न सिर्फ शारीरिक बल्कि आध्यात्मिक ताकत कमजोर हुआ है। ऐसी परिस्थिति में क्रिसमस के मौके पर लोगों के जीवन मे प्रभु ईशा मसीह का प्रेम, न्याय एवं शांति का संदेश महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज और अधिक परिश्रम करने की जरुरत है। देश के विकास में सामूहिकता का बड़ा महत्व होगा। इसके बिना आगे के विकास की कल्पना सम्भव नहीं है। बिशप बरवा ने कहा कि क्रिसमस के मौके पर प्रभु येसु मसीह के प्रेम एवं शांति के संदेश को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज लोगों में आध्यात्मिक शक्ति नहीं दिखती। लोगों को अपने व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जीवन मे मसीह के संदेश को अपनाने की जरूरत है। तभी सबका जीवन सुंदर बनेगा। जीवन मे मित्रता, सद्भावना एवं समानता रहस्य के समान है। वह सभी के जीवन मे तभी प्रकट होगा जब हम सभी येसु ख्रीस्त के वचनों को अपने जीवन मे अपनाएंगे। बिशप ने क्रिसमस के साथ साथ नव वर्ष की भी जिलेवासियों बधाई दी है। साथ ही जिले के विकास, खुशहाली एवं शांति की भी कामना की है। मौके पर बिशप कहा कि वर्तमान सरकारों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता की वजह से क्षेत्र में आदिवासी एवं दरिद्र लोगों का उत्थान नहीं हो सका है।



## 10 लाख रुपए के धोखाधड़ी के मामले में पति-पत्नी को पुलिस ने भेजा जेल

**सिमडेगा।** धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताया गया कि घोचोटोली निवासी आशीष बाड़ा और उसकी पत्नी पुष्पा बाड़ा पर धोखाधड़ी करते हुए दस लाख रुपए हड़पने का आरोप लगा था। इस संबंध में सदर थाना में कांड संख्या 92/24 के तहत मामला दर्ज हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि इस मामले में पीड़ित व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया था कि उसे पहले फुसलाकर सबसे पहले उसके नाम से 10 लाख रुपए का लोन निकलवाया गया और जब वह व्यक्ति द्वारा लोन निकाला तब उसे सब पैसा आशीष बाड़ा एव उसकी पत्नी ले लिया और बाद में जब लोन चुकाने के लिए पीड़ित व्यक्ति मांगने लगा तो इंकार करने लगे। इसके बाद व्यक्ति ने सिमडेगा थाना में आवेदन देखकर कार्रवाई की मांग की और इसी मामले में कार्रवाई की गई।

## न्यूज बॉक्स

### डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में क्रिसमस समारोह का आयोजन




**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में मंगलवार को बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर क्रिसमस का संदेश दिया। इस प्रस्तुति में कक्षा एल के जी से पांचवी कक्षा तक के बच्चे शामिल हुए और पूरा वातावरण को क्रिसमसमय बना दिया । विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने सभी बच्चों सहित उपस्थित सभी को क्रिसमस का संदेश देते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह क्रिसमस का पर्व सभी के जीवन में शांति खुशियां और उल्लास लेकर आए और सभी इस त्यौहार को आपसी समन्वयता के साथ मनाएं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा

### बानो प्रखंड कार्यालय में बीएलबीसी की हुई बैठक



**बानो।** बानो प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलबीसी की बैठक हुई। इस अवसर पर सिमडेगा एलडीएम उपस्थित थे।बैठक की प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने अध्यक्षता किया गया। बैठक मे सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी के साथ बैठक किया गया जिसमे बैंक से सम्बंधित परेशानियों को रखा गया तथा कुछ समस्यायों को तत्काल निष्पादन किया गया और सभी विभागों को बैंक के साथ आपसी समंजस्य बनाते हुऐ काम करने का निर्देश दिया गया ।इस अवसर पर सभी के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

### सिमडेगा वन विभाग ने हाथी प्रभावित 40 लोगों को दिया मुआवजा



**सिमडेगा।** वन विभाग कार्यालय में मंगलवार को सिमडेगा और बोलबा वन क्षेत्र के 40 हाथी प्रभावित लोगों को मुआवजा का वितरण किया गया। सिमडेगा और बोलबा रेंज के 40 हाथी प्रभावित लोगों को वन विभाग के द्वारा 896830 रुपए का वितरण किया। हाथी इन लोगों के घर और फसल का नुकसान तथा एक व्यक्ति को घायल किया था। सिमडेगा वन प्रमंडल ऑफिस में वन क्षेत्र पदाधिकारी शम्भू शरण चौधरी के द्वारा हाथी पीड़ितों को डीडी के माध्यम से मुआवजा का भुगतान किया गया। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बढ़ रहा है जिसमें लोगों को जागरूक करने का प्रयास की जा रही है तथा जिनके नुकसान हुआ है उनके नुकसान का आकलन करने के बाद क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा दी जा रही है।

### सिमडेगा में सुशासन सप्ताह 2024 के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का हुआ समापन



**सिमडेगा।** जिले में 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले भर में सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र में सुधार करना और विभिन्न व्यक्तिगत लाभ योजनाओं के तहत शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। इसी क्रम में 24 दिसंबर कार्यक्रम के अंतिम दिन में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिले के अंतर्गत सिमडेगा प्रखंड, ठेठईटांगर प्रखंड, बांसजोर प्रखंड, कोलेबिरा प्रखंड, कुरडेग प्रखंड, जलडेगा प्रखंड एवं बानो प्रखंड में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।जहां जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारियों द्वारा आन द स्पाट सैकड़ों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से यह शिविर लगाया गया है। शिविर में स्थास्थ्य जांच के साथ ही दवा का वितरण किया गया। नया आधार, जाति प्रमाण, स्थानीय प्रमाण एवं आय प्रमाण, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, ई-श्रम कार्ड, लगान रसीद, दाखिल खारिज,जॉब कार्ड, राशन कार्ड व अन्य योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया। प्रखंड स्तरीय शिविर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कुरडेग प्रखंड के "प्रशासन गांव की ओर" कार्यक्रम में कुल 168 मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिसके तहत मौके पर 160 आवेदन का निष्पादन किया गया।

## कांग्रेस कमेटी की ओर से बस स्टैंड में मनाया क्रिसमस

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** देश और दुनिया में आज प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव का त्योहार क्रिसमस धुमधाम से मनाया जा रहा है । इसी कड़ी में कुरडेग में भी धुम मची है वही इस दौरान कुरडेग काँग्रेस कमेटी द्वारा बस स्टैण्ड में केक काटकर क्रिसमस का त्योहार मनाया एवं प्रार्थनाएं की प्रार्थना में मौजूद लोगों ने प्रभु यीशु से विश्व शांति की कामना की साथ ही सभी धर्मो को मानने वालों से मानवता के लिए एकजुट रहने की अपील की । मौके पर जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल , दीपक जयसवाल, शीतल तिर्की , प्रवीण खेस , गुड्डु खान , जोनसन बेक , उत्तम सिंह , बीलाल अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।



## सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है क्रिसमस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जिलेवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि क्रिसमस का त्योहार सद्भाव, प्रेम व आशा का प्रतीक है। क्रिसमस का यह बड़ा दिन प्रभु येसु मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। प्रभु यीसु मसीह का शांति, प्यार व दया का संदेश दुनिया भर के लोगों को एकता की राह दिखाता है। इसलिए हम प्रत्येक को हमारे जीवन के हर क्षण, हर दिन को लोगों के साथ शांति, प्रेम और मेल-मिलाप से जीना चाहिए। जिस अच्छे काम को हम अभी कर सकते हैं, उसे बाद के लिए नहीं टालना चाहिए। क्योंकि यह अवसर दुबारा नही आता है। उन्होंने कहा है क्रिसमस प्रभु यीसु का अनुपम उपहार है। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी क्रिसमस पर्व की बधाई दी है।

## वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए स्कूल के पास 85 सखुआ के साथ ट्रक किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** गुप्त सूचना के आधार पर बीती देर रात वन विभाग ने अवैध रूप से लदे एलपी ट्रक में 85 सखुआ बोटा को जब्त किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग बानो को गुप्त सूचना मिली थी लकड़ी लगा ट्रक मनोहरपुर की ओर से आ रहा था।सूचना मिलते ही बानो वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की एक टीम बनाई गई तत्पश्चात बांकी स्कूल के समीप रात्रि लगभग 1:30 बजे एलपी ट्रक को सड़क किनारे खड़े पाया गया।इसके बाद ट्रक की जांच की गई उक्त ट्रक में अवैध रूप से सखुआ बोटा लदा हुआ पाया गया।वन विभाग की टीम ने एलपी ट्रक को जप्त कर वन विभाग कार्यालय बानो लाया जहां लकड़ी बोट की गिनती की गई ।कुल 85 पीस सखुआ बोटा पाया गया।वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि अवैध लकड़ी लदा ट्रक को जप्त कर लिया गया है। तस्करों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है जल्द ही इस मामले में करवाई किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लकड़ी की कीमत लगभग 300000 है। छापामारी दल में रेंजर अभय कुमार के अलावा सुरेश टेटे,मनीष डुंगडुंग,राजू साहू,बासिल हेमरोम,केनेन बा, चंद्रमोहन बड़ाइक आदि शामिल थे।







## नए साल में राजाडेरा और घुमरी कर रहा सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित

**पिंटू कुमार**

**ठेठईटांगर।** नए वर्ष के आगमन के साथ लोग अपने-अपने दोस्त परिवार के साथ अलग-अलग जगह पर जाकर पिकनिक का आनंद लेते हैं ऐसे में प्रकृति ने सिमडेगा की गोद में कई ऐसे पर्यटन स्थल दिए हैं जहां के मनोरम दृश्य देखकर मन गदगद हो जाता है और यहां पर लोग अगर पिकनिक का आनंद उठाते हैं तो पिकनिक का आनंद दुगना हो जाता है जिले के कई ऐसे पिकनिक स्पॉट है जहां पर लोग पहुंचते हैं इधर ठेठईटांगर प्रखंड में राजाडेरा और घुमरी दो पर्यटन स्थल हैं।





### राजडेरा

जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर प्रखंड मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी व नेशनल हाईवे से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राजाडेरा पर्यटन स्थल जिले में एक अलग ही पहचान रखता हैबताया जाता है कि किसी जमाने में यहां राजाओं का डेरा हुआ करता था जिस कारण इसका नाम राजाडेरा पड़ा।राजा जहां आराम करते थे गुफा आज भी मौजूद है। चट्टानों के बीच कल कल करती बहती झरना,घना जंगल पेड़ पौधे लोगों को काफी मनोरम और आनंदित कर देता है। चट्टानों के बीच बहते झरने में बड़े बच्चे लोग खूब डुबकी लगाते हैं।चट्टानों और झरनों की श्रृंखला काफी लंबी है जिसे लोग देखकर नए साल का जश्न मना आनंदित हो उठते हैं।यहां नववर्ष पर सैलानियों की काफी भी उमड़ती है यहां जमकर मौज मस्ती करते हैं एवं यहां के सुंदर दृश्य के साथ अपने सेल्फी लेकर अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर यादगार बनाते हैं। अन्य अवसरों पर भी यहां सैलानी आते रहते हैं यहां नागपुरी फिल्म की भी शूटिंग होती रहती है।राजाडेरा मे चार चक्का आने जाने एवं पार्किंग का उचित व्यवस्था है एवं बच्चों के लिए खिलौना के दुकान एवं चाठ फुचका का दुकान लगाया जाता है। हालांकि दिसंबर महीना शुरू होते हैं पर्यटकों का आना एवं पिकनिक मनाना शुरू हो जाता है। इस बार राजा डेरा पर्यटकों को उतरने के लिए खूबसूरत सीढ़ियां बनकर तैयार है। सुरक्षा को लेकर यहां पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाती है ताकि सैलानियों को किसी प्रकार से नए वर्ष में परेशानी ना हो।



### घुमरी

घुमरी जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर व नेशनल हाईवे से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित घुमरी पर्यटन स्थल अपने साथ खूबसूरती की छटा बिखेरती है ऊपर नीचे चट्टानों को चीरती हुई बहती झरना इसकी प्राकृतिक सुंदरता हरियाली से भरा परिदृश्य लोगों को बहुत ही सुखद खुशनुमा माहौल पर्यटकों को आकर्षित करता है। हालांकि चार चक्का गाड़ी की आगमन आने-जाने की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सैलानियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।चार चक्का जाने वाले रास्ता के पास ग्रामीणों ने सभी तरफ से गड्ढा है जिससे चार चक्का आने-जाने में काफी दिक्कत हो सकता है जिस भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि पर्यटकों के लिए आराम करने के लिए सरकार के तरफ से सेड एवं शौचालय का निर्माण कराया गया है लेकिन आने-जाने का कोई भी रास्ता नहीं है जिससे पर्यटकों को काफी परेशानी होती है।इन दोनों पर्यटन स्थलों पर प्रखंड पुलिस प्रशासन सुरक्षा के तगड़े इंतेजामत करती है। पर्यटक सुरक्षा की दृष्टि से सुबह 8:00 बजे से से दोनों पर्यटक को स्थलों पर जाएं एवं शाम के 5:00 बजे से से वापस आ जाएं।



### कांग्रेस की ओर से शहर में अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन

## भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है, गृह मंत्री ने किया बाबा साहब का अपमान : विक्सल कोंगाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** देश के संसद में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा भीमराव अंबेडकर के ऊपर किए गए टिप्पणी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इधर सिमडेगा कांग्रेस की ओर से मंगलवार को सिमडेगा शहर में अंबेडकर चौक से अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया। कार्यक्रम में विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सबसे पहले भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ,जिसके बाद वहां से सम्मान मार्च हाथ में कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर निकाली ।इस दौरान अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए गए ,साथ ही इस्तीफा की मांग की गई ।मौके पर कोलेबिरा विधायक ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है और लगातार पूंजीपतियों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। आज संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए लोगों को परेशान किया जा रहा है ।देश के गृह मंत्री जिस संविधान के बलबूते अपने पद पर बैठे हैं उसी के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ जिस प्रकार से टिप्पणी किया है ।यह पूरे देश में आक्रोश का माहौल है और इसी को लेकर इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे ,नहीं तो आंदोलन जारी रहेगी। वही कार्यक्रम के बाद सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन सौपा गया ।मौके पर 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल , प्रदीप केशरी,मो सम्मी आलम, प्रदेश कांग्रेस महासचिव पुष्पा कुल्लू, नॉमिता बा, कौशल किशोर रोहिल्ला, रावेल लकड़ा, दिलीप तिर्की,रणधीर रंजन, मो तनवीर खान,जमीर खान, शीला देवी,जमीर हसन,चंदन सिंह,सरताज खान, अशफाक खान,आनंद बड़ाईक,लखन गुप्ता,सोनल लकड़ा,शीतल तिर्की ,रतन प्रसाद,अमर कुमार साहिल हक,मुनेश गोप , नीलम केरकेट्टा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## क्रिसमस पर्व को लेकर जमकर हुई पटाखे की बिक्री

**सिमडेगा।** जिले में क्रिसमस बाजार गुलजार रहा। दुकानों एवं सड़कों में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी। शहरी क्षेत्र में भीड़ के कारण अव्यवस्था का माहौल बना रहा। अधिकतर दुकानदार आधे सड़क को अतिक्रमण कर रखा। इस कारण जाम की समस्या बनी रही। इधर क्रिसमस को लेकर पटाखे की दुकानें में भी भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार में तीन रूपये से लेकर पांच हजार रूपये तक के पटाखे उपलब्ध है। बारुद दुकान के संचालक मो तस्सू ने बताया कि इस बार तेज आवाज वाले बमो की जगह फुलझडी, अनार आदि ग्रीन पटाखा की मांग ज्यादा है। जो पचास रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक के पटाखे उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के निर्देश के अनुसार ही पटाखा की बिक्री की जा रही है। तेज साउंड वाले बम नहीं बेचा जा रहा है। उन्होनें बताया कि बच्चों के द्वारा पोपप पटाखा की बेहद मांग है। इसे बच्चों के द्वारा जमीन पर पटक कर फोड़ा जाता है। बाजार में रेम्बो डांस, बटर फलाई, छोटा भीम, डांस एंड डांस, फुलझड़ी, चिटपुट आदि बम नए आए है जो पूरी तरह से ग्रीन पटाखा है।

## सिमडेगा में युवा कांग्रेस के यंग इंडिया सीजन 5 का आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** युवा कांग्रेस ने मंगलवार को सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम यंग इंडिया के बोल 'सीजन- 5 का प्रदेश प्रवक्ता चन्दन कुमार सिंह ने भव्य अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश के युवाओं को रोजगार के नाम पर केवल जुमले दिए गए हैं मोदी सरकार ने 10 वर्षों में महज सवा सात लाख युवाओं को नौकरी दी है जबकि हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया गया था । दूसरी ओर अडानी संचालित मुंद्रा पोर्ट के जरिए देश में नशे का कारोबार बढ़ाने का रास्ता खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि 'यंग इंडिया के बोल' कार्यक्रम का उद्देश्य देश के त्रस्त और बेरोजगार युवाओं को मंच और आवाज देना है, युवा 'वीथ आई वाई सी' एप डाउनलोड कर 60 सेकंड का वीडियो भेजकर अपनी बात रख सकते हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित प्रतिभावान युवाओं को राष्ट्रीय मंच पर अपनी बात रखने का मौका मिलेगा एवं उनकी प्रतिभानुसार-जिला प्रवक्ता, प्रदेश प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता का पद युवा कांग्रेस द्वारा दिया जाएगा जिससे वो पार्टी का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे। युवा कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी इशिता सेढ़ा एवं प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने झारखण्ड में इस कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद को सौंपी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता चन्दन कुमार सिंह, सिमडेगा विधानसभा अध्यक्ष अभिजीत सोनल लकड़ा, पीसीसी डेलिगेट प्रदीप केशरी, जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन, प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमील खान, टी टांगर प्रखण्ड अध्यक्ष मो अस्फाक, जिला सोशल मीडिया समन्वयक अमर कुमार, एनएसयूआइ जिलाध्यक्ष सरताज खान, मुनेश गोप समेत कई अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।



## एक नजर

### आरोपी मणिलाल सोरेन को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय थाना पुलिस ने अपने क्षेत्र के कन्हाईडीह गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार करके मंगलवार को न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी कन्हाई डीह गांव निवासी 33 वर्षीय मणिलाल सोरेन है। उक्त युवक पर गांडेय थाना में कांड संख्या 26/24 के तहत बीते फरवरी माह में मामला दर्ज किया गया था। बता दे कि मनीलाल सोरेन की पत्नी सुनीता टुडू की मौत संदिग्ध अवस्था में हुई थी मृतिका के पिता ने लिखित आवेदन के आधार पुलिस ने ससुराल वाला पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था।

### एसपी ने किया गावां थाना का औचक निरीक्षण



**गावां गिरिडीह।** गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार ने मंगलवार को गावां थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर, वाहनों का रखरखाव, मालखाना आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान गावां थाना में लंबित मामलों को यथाशीघ्र डिस्पोजल करने का निर्देश दिया। उन्होंने फरार वारंटियों को भी गिरफ्तार करने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर थाना प्रभारी महेश चंद्र, एसआई राहुल कुणाल, पिंकू सिंह, मिथलेश महतो, परमेश्वर चौधरी समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### बिजली की चपेट में आने से एक की मौत

**गिरिडीह।** जिले के गांडेय थाना क्षेत्र की चंपापुर के मंडरडीह गांव स्थित मैदान में मंगलवार को बिजली पोल के नीचे एक युवक का शव ग्रामीणों ने पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांडेय थाना की पुलिस को दी। मृत युवक की पहचान बेंगाबाद थाना क्षेत्र के परसाटांड़ गांव निवासी अनिल मरांडी (23) के रूप में हुई। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि अनिल ने बिजली के खंभे में चढ़कर 11 हजार के तार को हाथ में पकड़ लिया, जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार अनिल मरांडी अपनी पत्नी अनिता मरांडी के साथ दो दिन पूर्व अपने मामा ससुर मनु मरांडी के घर ईरचिट्टा गया था। जहां से अनिल अचानक गायब हो गया। उसके मामा ससुराल के लोगों ने उसकी काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में अनिल के मामा ससुराल के लोगों ने उसके घर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के परसाटांड़ गांव में सूचना दी। सूचना मिलने पर अनिल मरांडी के दो भाई ईरचिट्टा पहुंचे और लापता अनिल की खोजबीन शुरू किया।

# हत्याकांड में एसआईटी को मिली सफलता मुख्य आरोपित सहित दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला** जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति और पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या के मामले में एसपी की ओर से गठित एसआईटी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसआईटी टीम ने इस कांड के मुख्य आरोपित बीरबल सरदार और एक अन्य आरोपित रवि महतो उर्फ कोका को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, हत्या में प्रयुक्त पिस्टल और स्कूटी भी बरामद कर लिया है। इस बाबत एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 13 दिसंबर की रात सोनू सरदार को अज्ञात अपराधियों ने नव प्राथमिक विद्यालय, बड़डीह के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस संबंध में गम्हरिया थाना में कांड संख्या-135/2024 के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर सवैया के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आठ आरोपितों में से पांच आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। बीते सोमवार को मुख्य आरोपी बीरबल सरदार को नीमडीह रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर रवि महतो उर्फ कोका को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त 7.62 मिमी का पिस्टल तथा ब्लू कलर की स्कूटी (जेएस 0रडीक्य 9881) भी बरामद हुई है। मुख्य आरोपित बीरबल सरदार (38 ) और रवि महतो उर्फ कोका (55 ) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी बीरबल सरदार का इससे पहले भी हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। वहीं एक अन्य आरोपित लक्खीचरण नायक उर्फ लक्खी ने गिरफ्तारी के डर से सरायकेला कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर सवैया, नीमडीह थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी, अनुसंधानकर्ता सुनील कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे।

# गावां से 150 महिला लाभुक 28 को जाएंगी रांची : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह** मंईयां सम्मान योजना लाभुकों को 28 दिसंबर को रांची में आयोजित कार्यक्रम में ले जाने को लेकर मंगलवार को बीडीओ महेंद्र रविदास ने बैठक की. बीडीओ ने कहा कि 28 दिसंबर को रांची के नामकुम में राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लाभुकों को मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये का पहला किस्त देंगें. उक्त कार्यक्रम में गावां प्रखंड से लगभग 150 महिला लाभुकों को ले जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है. इसे लेकर प्रखंडकर्मियों व मुखिया के साथ बैठक कर तैयारी पूरी की गयी. मौके पर एमओ प्रदीप राम, बीपीआरओ संजय कुमार, मुखिया कन्हाइ राम, अमित कुमार, चन्दन कुमार, रूपाश्री सिंह, मुन्नी कुमारी, गायत्री देवी, गुरुसहाय रविदास, अनिता देवी, मो मेराजुद्दीन, प्रियंका कुमारी, कार्तिक विश्वकर्मा, पन्ना लाल, संतोष कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार, प्रभा देवी समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेसी नेता ने बिशप हाउस पहुंचकर बिशप आनंद जोजो से की मुलाकात



**हजारीबाग।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने मंगलवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर हजारीबाग के जन विकास केंद्र स्थित बिशप हाउस का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बिशप हाउस के बिशप आनंद जोजो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान मुन्ना सिंह ने अपने संदेश में कहा, कि क्रिसमस का यह पावन पर्व प्रेम, शांति और सौहार्द का प्रतीक है। इस अवसर पर मैं देशवासियों और राज्यवासियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं और जोहार प्रेषित करता हूं। प्रभु यीशु से प्रार्थना है कि वे सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि यह त्योहार मानवता के प्रति समर्पण और भाईचारे का संदेश देता है। जबकि बिशप आनंद जोजो ने भी क्रिसमस के इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह त्योहार समाज को एकजुट करने और सबके जीवन में खुशी और समृद्धि लाने का अवसर है।

### विद्या भारती प्रतिभा खोज व प्रतिभा चयन परीक्षा आयोजित, कई बच्चे हुए शामिल



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली में प्रांतीय योजनानुसार विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन मुख्य परीक्षा का आयोजन हुआ। मालूम हो कि इस परीक्षा में प्रारंभिक स्तर पर चयनित भैया बहनों ने भाग लिया। विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन मुख्य परीक्षा में 57 भैया- बहनों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन प्रवीण कुमार, प्रांतीय पर्यवेक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुआ' मौके पर प्रभारी अनिल कुमार, परीक्षा प्रभारी रामेश्वर गोस्वामी एवं हजारीबाग विभाग के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया- बहन उपस्थित थे।

### कलश वेंकटेश के तत्वावधान में रावा अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप का शुभारंभ




**रामगढ़।** कलश वेंकटेश रामगढ़ रांची में रावा (रीनेसंस आर्टिस्ट एंड राइटर्स एसोसिएशन) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वर्कशॉप का शुभारंभ 24 दिसम्बर को शुरू हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आरयू सेक्रेटरी आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत, सतदेवानंद अवधूत, पुष्पेंद्र आनंद अवधूत द्वारा प्रभात रंजन सरकार की प्रतिकृति पर माल्यार्पण कर वर्कशॉप की शुरूआत किया गया। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से विभिन्न जिलों से 200 के करीब चुने गए प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 24 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यशाला के मुख्य परीक्षक रांची के ध्रुपद प्रसिद्ध गुरु - शैलेंद्र पाठक, बीआईटी मेसरा से सब गुणो से संपूर्ण मृणाल पाठक द्वारा इस कार्यक्रम को रांची रामगढ़ के कलश वेंकटेश में किया जा रहा है। इसके तहत सुबह 5:00 से रात 10:00 बजे तक गायन, नृत्य, योगा और अभिनय की अनुभवी शिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्वः राष्ट्रीय कार्यशाला में चुने गए प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जाएगा। रावा की ओर से प्रतिभागियों के निःशुल्क आवास, भोजन और प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रावा के पूर्व सदस्य प्रज्ज्वलित देव, निखिल देव, राकेश देव, सचिन देव, विजय पाठक, अनुभवी राजन देव, नवनीत देव, नैना चंद्र, आरती चंद्र, काजल पांडे, उर्वशी गुप्ता, सृष्टि, लारा, संदीप कुमार, देवेंद्र कुमार, संदीप कुमार देव, सोनू डी पूजा कुमारी, आकाश प्रताप ने अहम भूमिका अदा की।

# दुलमी प्रखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत टीबी (क्षय रोग) के मरीजों की पहचान और उपचार का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संभावित टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क चेस्ट एक्स-रे और स्वास्थ्य जांच उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान पोटमदगा, भालू सिरु और प्रियातू के ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कुल 54 ग्रामीणों की जांच की गई। जिसमें 39 लोगों को टीबी की जांच की गई व 15 लोगों को अन्य बीमारी संबंधित जांच की गई। संभावित मरीजों को टीबी रोग के लक्षणों की पहचान के साथ उनके बेहतर उपचार के लिए जागरूक भी किया गया। शिविर के दौरान दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, मुखिया रंजु देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सरोज करकेंटा, सुमिता कुमारी, एनएम ललिता कुमारी, ड्रेसर योगेंद्र कुमार और सहिया कार्यकर्ता उषा देवी, सुनीता देवी, संतोषी देवी, यशोदा देवी एवं सरिता देवी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक किया। शिविर में टीबी से संबंधित सभी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

### घायल को उठाना पड़ा महंगा, उठाने वाले को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

# उठाने वाले पर वाहन से धक्का मारने का आरोप,रुपये की मांग कर रहे हैं परिजन

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है । जहां सड़क पर घायल पड़े हुए ब्यक्ति को उठाना महंगा पड़ गया है । बता दें कि बीते दिनों 16/12/2024 संध्या लगभग 6 बजे बरहमसिया-कोवाड मुख्य मार्ग खुटाटांड़ में एक महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गई थी । वहीं पीछे से आ रहे एक बुजुर्ग लूना चालक बोरोटांड़ निवासी नोखलाल महतो जिसकी उम्र लगभग 80 वर्ष है ने महिला को सड़क पर घायलावस्था में देखकर उसे उठाया । वहीं परिजनों एवं ग्रामीणों ने घायल महिला को उठाने वाले उस बुजुर्ग को ही लूना के साथ बंधक बना लिया जिसकी गाड़ी संख्या खल 11 2873 है । इतना ही नही घटना की जानकारी जब उसके पुत्र को

> थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज ने कहा दोनों पक्षों को गुरुवार को थाना बुलाया गया है आने के बाद ही कुछ पहल किया जाएगा

मिली तो वे घटनास्थल पर पहुँचे और मामले की जानकारी ली । तभी परिजन आक्रोश होकर उसे व उसके बाइक को भी बंधक बना लिया । वहीं उसके पुत्र ने आसपास के जनप्रतिनिधियों व बिरनी थाना को घटना की जानकारी दूरभाष पर दी । तभी आसपास के लोग पहुँचे और परिजनों को बंधक बनाए गए लोगों को छोड़ने का आग्रह किया परन्तु उन्होंने नही माना । हालांकि थाना प्रभारी के दबाव के बाद उन्होंने पिता-पुत्र व एक बाइक को घायल महिला के इलाज के लिए तत्काल दस हजार रुपये लेकर छोड़ दिया गया । वहीं कई बार श्री महतो व उसके पुत्र ने बाइक को मांगा परन्तु उन्होंने ये कहकर टालता रहा कि अभी हमलोग बाहर हैं । वहीं बंधक बनाए गए बुजुर्ग के पुत्र ने ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के साथ मामले की निपटारा के लिए बैठक भी किया परन्तु उन्होंने समुचित इलाज का खर्च देने की मांग की अन्यथा झूठा मुकदमा में फंसाने की बात कही । जानकारी के अनुसार श्री महतो उक्त लूना से सब्जी बेचकर अपने घर जा रहे थे । हालांकि पीड़ित श्री महतो ने लूना दिलाते हुए ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है । यह घटना इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना देगा ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### सदर विधायक ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से की शिष्टाचार मुलाकात

# हजारीबाग की शांति और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता, हर समस्या का होगा समाधान



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर हजारीबाग क्षेत्र की प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। यह मुलाकात हजारीबाग के प्रशासन और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। विधायक ने हजारीबाग में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की मांग की। उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष पहल का आग्रह किया। अपराध नियंत्रण बढ़ते आपराधिक मामलों, जैसे चोरी, लूटपाट और मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने की बात की गई। श्री प्रसाद ने पुलिस बल की क्षमता बढ़ाने और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यातायात प्रबंधन शहर में बढ़ते यातायात जाम और दुर्घटनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक ने यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए नए उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने विधायक को भरोसा दिलाया कि हजारीबाग क्षेत्र की कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है और जनता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय योगासन स्कूली प्रतियोगिता में अमन ने झारखंड का किया नेतृत्व



**नवीन मेल संवाददाता। गावां, गिरिडीह** गावां प्रखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। गावां के अमन ने 68वीं राष्ट्रीय स्कूल (2024-25) योगासन चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेकर गिरिडीह का मान बढ़ाया है। अमन उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोरियांचूं के वर्ग सातवीं का छात्र है। वह तामिलनाडु के कोयम्बतूर में आयोजित 17 से 19 दिसंबर 2024 तक 68वीं राष्ट्रीय योगासन स्कूली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अमन का चयन अंडर 14 बालक टीम के लिए हुआ। जहां अमन के शानदार प्रदर्शन पर ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि इसके पूर्व अमन ने जेसीआरटी रांची में आयोजित चयन समिति के कैम्प में भी शामिल हुआ था। पूर्व में अमन का चयन जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हो चुका है। अमन के सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामदेव राय एवं अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**जमशेदपुर।** नरवा पहाड़ स्थित शंकर दा गांव में आज मंगलवार को सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, जो 30 दिसंबर तक चलेगा. कार्यक्रम के पहले दिन 101 कन्याओं ने कलश यात्रा निकली. जिसकी अगुवाई अयोध्या से आये कथा वाचक पंडित दीपक शास्त्री, अनिल भक्त और पूर्व जिला परिषद करुणामय मंडल ने की. इस कलश यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय हो गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रजत भक्त, शंकर भक्त,अमित कुमार भक्त,बिमल कुमार भक्त , गणेश चंद्र भक्त , चित्रा रंजन भक्त, समेत समस्त ग्रामीणों ने अहम योगदान दिया. मौके पर कथा वाचक दीपक शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा जिंदगी जीने की कला सिखाती है.

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का होना बहुत जरूरी : डॉ रुबीना तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कि शुरूआत कि गई। इस कार्यक्रम के अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के एन.एस.एस. इकाई के कोऑर्डिनेटर डॉ. रुबीना तिर्की, एनसीसी के सूबेदार जगदीश सिंह, हवलदार सजीव कुमार, बी.एच.एम.चमन सिंह,जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार, प्राचार्य शंभू कुमार, डॉ. संजय कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। डॉ.रुबीना तिर्की ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का होना बहुत जरूरी है। आज की युवा पीढ़ी को अपने जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद को समाहित करना बहुत जरूरी है। सूबेदार जगदीश सिंह ने बच्चों का हौसला को बढ़ाते हुए कहा कि खेल को खेल की भावनाओं के साथ खेलना चाहिए तथा अनुशासन में रहने कि आवश्यकता होती है, मुझे उम्मीद है कि खेल को आज इस स्टेडियम से शुरूआत कर विश्व में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार ने अपने संबोधन में सभी संकाय के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि खेल एक ऐसी चीज है जो हमें परेशानियों और तनावों से मुक्त करता है। खेल एक जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा कि हमारी संस्थान शुरू से ही पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोहा मनवाया है। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में गुली डंडा,लट्टू, पीटो, फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, रस्सा कसी, मटका रेस, दौड़ बालक वर्ग, बालिका वर्ग 100 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर, रिले रेस, चेस, कैरम, बैडमिंटन, ऊंची कूद,चम्मच रेस, मेहदी, रंगोली, पेंटिंग, फोटो ग्राफी, कविता लेखन, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, लोक गीत,लोक नृत्य इत्यादि खेलो का आयोजन किया जा रहा है। ये सभी प्रतियोगिता का नेतृत्व महाविद्यालय के शिक्षक तथा एनएसएस इकाई के कॉर्डिनेटर उमेश ठाकुर ने किया।

# प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारांगे ने पीडीएस का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। दारू** प्रखंड के ईरगा में प्रशिक्षु आईएएस सह प्रखंड विकास पदाधिकारी लोकेश बारांगे द्वार और हारून राशिद एवं एमओ आशीष कुमार ने पीडीएस दुकान का किया औचक निरीक्षण। जन वितरण प्रणाली दुकान में जाकर प्रत्येक समस्या से रूबरू हुए। जन वितरण प्रणाली दुकान में सबसे ज्यादा समस्या सर्वर को लेकर रहा। और जन वितरण प्रणाली दुकान में दुकानदार द्वारा कितना राशन का वितरण किया गया है उसका ब्यौरा लिए। राशन कार्ड में ई- केवाईसी (ई-केवाईसी) में भी सर्वर प्रॉब्लम हो रहा है। समस्या सुनने के बाद लोकेश बारांगे द्वार और हारून रशीद ने कार्डधारियों को आश्वासन दिया कि केवाईसी (ई-केवाईसी) करने के तारीख को बढ़ा दिया गया है। जन वितरण प्रणाली दुकान के सारे दुकानदार को कई निर्देश भी दिए। जिससे की लोगों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)**
**Email Id –dcpsramgarh@gmail.com**

–: आवश्यक सूचना :–

बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के पत्रांक 483/बा0क0स0,रामगढ़ दिनांक 20.12.2024 के पत्र के आलोक में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.12.2024 को चाइल्ड हेल्प लाइन, रामगढ़ के द्वारा दो गुमशुदा बालक शिवा कुमार, उम्र – 4.5 वर्ष (लगभग) एवं गुमशुदा बालिका अंजली कुमारी, उम्र – 03 वर्ष (लगभग) को बरकाकाना रैलवे स्टेशन के उपनिरीक्षक को गाड़ी न0 18612 में लावारिस हालत में मिला है, जिसकी पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार से है :–

| बालक की विवरणी | | बालिका की विवरणी | |
|---|---|---|---|
| नाम – शिवा कुमार,<br>उम्र – 4.5 वर्ष,(लगभग)<br>पिता – रमेश,<br>माता – रौशनी,<br>पता – बनारस रैलवे स्टेशन, उत्तरप्रदेश<br>रंग – गेहुवा।<br>ऊँचाई – 11.5 से0मि0<br>लिंग – पुरूष<br>वजन – 18.9 कि0ग्रा0 |  | नाम – अंजली कुमारी,<br>उम्र – 3 वर्ष,(लगभग)<br>पिता – रमेश,<br>माता – रौशनी,<br>पता – बनारस रैलवे स्टेशन, उत्तरप्रदेश<br>रंग – गेहुवा।<br>ऊँचाई – 93 से0मी0<br>लिंग – महिला<br>वजन – 11.09 कि0ग्रा0 |  |

उक्त बालक एवं बालिका के जैविक माता–पिता, अभिभावक, अगर इन बच्चों को पहचानते है या जानते है तो उचित प्रमाण पत्र के साथ निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते है।

सम्पर्क करने हेतु पता –

1. बाल कल्याण समिति, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, झारखण्ड पिन–825101, दूरभाष संख्या– 9504331523।
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला समाज कल्याण कार्यालय, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, झारखण्ड, पिन – 825101 दूरभाष संख्या – 8340458591

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.342785 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D

